Seventeenth Loksabha

>

Ttile: Regarding re-opening of Railway Recruitment Board portal in order to enable candidates to edit their applications.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मैं आपका ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं । भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने आरआरबी 01/2019 के एक एडवरटाइजमेंट के थ्रू एक लाख से ऊपर भारतीय रेल की भर्तियों का एक ऐड निकाला हुआ है । इस एग्जाम के लिए देश भर के काफी बच्चों ने एप्लाई किया है, फीस भी डिपॉजिट कराई है, पर कुछ छोटी-छोटी गलतियां बच्चों की रह गईं, कोई फोटो की, कोई साइन की या कैटेगरी भरनी की । इसमें बच्चों की फीस डिपॉजिट हो चुकी है । इन गलतियों के कारण उनके फार्म रिजेक्ट हो चुके हैं ।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि इन बच्चों को दोबारा मौका दिया जाए । अभी भी डेढ़ महीने का समय बचा हुआ है, जिसके अंदर इन बच्चों के एग्जाम्स होने हैं । पोर्टल को दोबारा खोल कर इन गलतियों को दूर करने का मौका दिया जाए । मेरा आपसे यही अनुरोध है ।

माननीय अध्यक्ष: श्री देवजी एम. पटेल और श्री उदय प्रताप सिंह को श्री राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।